अनुक्रमांक .............................. कूट सं. : 82017HL8-TI(M)

कक्षा - आठवीं

# हिंदी ( LOWER )

(प्रथम सत्र)

| कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 22 प्रश्न हैं और कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं। |
|---|

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 80

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग, घ
3. प्रश्नों के सभी भागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खण्ड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

विद्यार्थी जीवन वह समय है, जिसमें बालकों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहें वैसा रूप दिया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की नींव कहा गया है। यदि यह नींव मजबूत बन जाती है, तो जीवन भी मजबूत और सुखी बन जाता है। विद्यार्थी जीवन में बालक में जो संस्कार आ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। यदि विद्यार्थी जीवन में बालक मन लगाकर पढ़ाई कर लेता है और कक्षा में सतर्क रहकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए पाठों को ध्यान में सुनता है तो उसे ज्ञान मिलता है और उसका मानसिक विकास होता है। इस प्रकार वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है।

(i) मानव जीवन की नींव किसे कहा गया है? 1

(ii) विद्यार्थी जीवन कैसा समय है। 1

(iii) विद्यार्थी को कक्षा में ध्यान से क्या सुनना चाहिए? 1

(iv) आदर्श विद्यार्थी बनकर वह कैसा नागरिक बन जाता है? 1

(v) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड - 'ख'

2. (क) निम्नलिखित शब्दों में से सही स्थान पर लगे बिंदु वाला शब्द छाँटकर लिखिए - 1

(i) प्रंशसा (ii) प्रशंसा (iii) प्रशसां (iv) प्रंशसा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से सही स्थान पर लगे चंद्रबिंदु वाला शब्द छाँटकर लिखिए - 1

(i) सभाँलते (ii) सभालँते (iii) सँभालते (iv) सभालतँ

3. (क) निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए - 1

(i) नदी (ii) गाँव (iii) ताजमहल (iv) पेड़

(ख) निम्नलिखित वाक्य के लिए उपयुक्त सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए -

...................... अपनी भूल ज्ञात हो गई।

(i) वह (ii) मुझे (iii) तुम (iv) मैं

(ग) निम्नलिखित वाक्य में कर्त्ता कारक बताने वाला उचित विकल्प छाँट कर लिखिए-

भावना ने स्वादिष्ट भोजन बनाया।

(i) स्वादिष्ट (ii) बनाया (iii) भोजन (iv) भावना

4. निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण व विशेष्य शब्द छाँट कर लिखिए -

सूखे पत्ते पेड़ से गिर जाते हैं।

5. (क) निम्नलिखित वाक्य को उचित क्रिया शब्द द्वारा पूरा कीजिए -

सोहन बाज़ार से मिठाई ................।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल लिखिए -

हम नैनीताल घूमने जाएँगें।

6. (क) 'नदी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

(i) सरिता (ii) सागर (iii) नीर (iv) समुद्र

(ख) 'भूमि' शब्द किसका पर्यायवाची है -

(i) मकान (ii) धरा (iii) भवन (iv) गृह

7. निम्नलिखित वाक्य में मोटे काले शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प छाँटकर लिखिए-

**राजा** हो या .............. सभी को अपने व्यवहार में मधुरता रखनी चाहिए।

(i) गरीब (ii) निर्धन (iii) असहाय (iv) रंक

8. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों को उचित शब्दों द्वारा पूरा कीजिए -

(i) बगीचे में सेब का एक .............. पेड़ है। (बढ़ा / बड़ा)

(ii) रंग का घोल काफ़ी .............. हो गया है। (गाढ़ा / गाड़ा)

9. निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग उचित स्थान पर कीजिए -

(i) गामीण (ii) कज़

10. (क) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए -

आँखें फटी रह जाना

(ख) निम्नलिखित वाक्य को उचित मुहावरे द्वारा पूरा कीजिए -

अपने बेटे की करतूत देखकर माँ .......................... गई।

11. निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए -

हाथ यह क्या हो गया

12. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

(i) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो

(ii) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो

13. निम्नलिखित वाक्य में दिए गए शब्द का उचित वचन वाला रूप लिखिए -

प्रदर्शनी में ढेर सारी ................ थीं। (मूर्ति)

## खण्ड - 'ग'

14. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

मिलती लंबी राह उसे
देती है सबको पानी
सींच-सींचकर खेतों को
फसल बनाती है धानी

चलती किसी जगह सीधी
टेढ़ी होती कहीं-कहीं
लहर उठाती जाती है
लेकिन थकती कहीं नहीं

कहीं करारों में छिपती
मैदानों में आती है
खेल खेलती लुका-छिपी
बिल्कुल ही खो जाती है

बहुत तेज़ थी पर्वत पर
लेकिन नीचे जब आई
धीमी-धीमी चाल हुई
जैसे थककर सुस्ताई

(i) प्रस्तुत कविता के कवि तथा कविता का नाम लिखिए। 2

(ii) नीचे दी गई पंक्तियों में 'उसे' शब्द किसके लिए आया है? 1

मिलती लंबी राह उसे
देती है सबको पानी

(iii) 'लेकिन थकती कहीं नहीं' पंक्ति से नदी की किस विशेषता का पता चलता है? 1

(iv) नदी का बहाव कहाँ तेज़ होता है? 1

15. पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 5

(i) गाँधी जी ने वल्लभ भाई को ................ की उपाधि दी।

(ii) बीज हज़ारों ................ मींचे
नम मिट्टी की चादर ओढ़े

(iii) धरतीपटक सिंह ने ................ में रूककर एक ढाबे पर खाना खाया।

(iv) दादी जी के पास उनका सबसे छोटा ................ सोता था।

(v) चलते-चलते ................ को
आखिर में वह पाती है

16. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए - 3

(i) विद्रोह (ii) बुद्धिमान (iii) हिम्मत

17. नीचे दिए गए खंड 'क' के वाक्यों का खंड 'ख' के वाक्यों से उचित मिलान कीजिए- 5

| क | ख |
|---|---|
| (i) मुखजोर सिंह का बेटा | (i) वल्लभ के जीवन का उद्देश्य बन गया। |
| (ii) बिरसा मुंडा को एक सच्चे | (ii) टपके का था। |
| (iii) दादी को सबसे बड़ा डर | (iii) मामाजी के घर रेलगाड़ी से गई। |
| (iv) अनुपमा सपरिवार अपने | (iv) बुद्धिमान था। |
| (v) कानून की पढ़ाई करना ही | (v) क्रांतिकारी व देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। |

18. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर <u>एक शब्द</u> में लिखिए - 5
   (i) पड़ोसी सुलतान के दूत ने अपनी जेब में से क्या निकालकर सुलमान के तख़्त के चारों ओर गोल लकीर खींच दी?
   (ii) कुम्हार ने तिनकों-पत्तों की आवाज़ सुनकर किसे दो डंडे जड़ दिए?
   (iii) बिरसा मुंडा के गाँव का क्या नाम था?
   (iv) अजंता में बने चित्रों के रंग किससे बने हैं?
   (v) 'दो पहलवान' कहानी में तालाब पर प्रतिदिन कौन-सा जानवर पानी पीने आता था?

19. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर <u>एक वाक्य</u> में लिखिए - 2×5=10
   (i) बादशाह होजा को वज़ीर क्यों बनाना चाहता था?
   (ii) मुंडा कहाँ रहते थे?
   (iii) वल्लभ भाई ने अपने जीवन के विषय में कब निर्णय लिया था?
   (iv) अजंता की गुफाएँ क्यों बनवाईं गईं थीं?
   (v) रात को सोते समय पेड़ कौन-से सपनों में खो जाएँगे?

20. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए - 4×3=12
   (i) स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान क्या था?
   (ii) अंग्रेज़ी राज समाप्त करने के लिए बिरसा मुंडा ने क्या-क्या किया?
   (iii) धरतीपटक सिंह कौन था? वह अपनी शक्ति बनाए रखने के लिए क्या-क्या करता था?
   (iv) नदी हम सब के लिए क्या-क्या करती है?

## खण्ड - 'घ'

21. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 5
   (i) मेरा प्रिय खेल      (ii) व्यायाम का महत्व
   (iii) किसी रोमांचक यात्रा का वर्णन

22. बड़े भाई के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन के अवकाश के लिए अपने प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**<u>अथवा</u>**

'खेलों का महत्त्व' बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।